https://sarkarirecruitment.com/

CS (MAIN) EXAM:2018

वियोज्य *DETACHABLE*

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र I)

# GENERAL STUDIES (Paper I)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए ।**

प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

**Answers to Questions No. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Questions No. 11 to 20 should be in 250 words.**

Keep the word limit indicated in the questions in mind.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

https://sarkarirecruitment.com/

1. भारतीय कला विरासत का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Safeguarding the Indian art heritage is the need of the moment. Discuss. (Answer in 150 words) 10

2. भारतके इतिहास की पुनर्रचना में चीनी और अरबी यात्रियों के वृत्तांन्तों के महत्व का आकलन कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Assess the importance of the accounts of the Chinese and Arab travellers in the reconstruction of the history of India. (Answer in 150 words) 10

3. वर्तमान समय में महात्मा गाँधी के विचारों के महत्व पर प्रकाश डालिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Throw light on the significance of the thoughts of Mahatma Gandhi in the present times. (Answer in 150 words) 10

4. भारतीय प्रादेशिक नौपरिवहन उपग्रह प्रणाली (आई. आर. एन. एस. एस.) की आवश्यकता क्यों है ? यह नौपरिवहन में किस प्रकार सहायक है ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Why is Indian Regional Navigational Satellite System (IRNSS) needed ? How does it help in navigation ? (Answer in 150 words) 10

5. भारत आर्कटिक प्रदेश के संसाधनों मे किस कारण गहन रुचि ले रहा है ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Why is India taking keen interest in resources of Arctic Region ? (Answer in 150 words) 10

6. 'मेंटल प्लूम' को परिभाषित कीजिए और प्लेट विवर्तनिकी में इसकी भूमिका को स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Define mantle plume and explain its role in plate tectonics. (Answer in 150 words) 10

7. समुद्री पारिस्थितिकी पर 'मृतक्षेत्रों' (डैड ज़ोन्स) के विस्तार के क्या-क्या परिणाम होते हैं ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

What are the consequences of spreading of 'Dead Zones' on marine ecosystem ? (Answer in 150 words) 10

https://sarkarirecruitment.com/

8. "जाति व्यवस्था नई-नई पहचानों और सहचारी रूपों को धारण कर रही है। अत:, भारत में जाति व्यवस्था का उन्मूलन नहीं किया जा सकता है।" टिप्पणी कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

"Caste system is assuming new identities and associational forms. Hence, caste system cannot be eradicated in India." Comment. (Answer in 150 words) 10

9. 'भारत की सरकार द्वारा निर्धनता उन्मूलन के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बावजूद, निर्धनता अभी भी विद्यमान है।' कारण प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

'Despite implementation of various programmes for eradication of poverty by the government in India, poverty is still existing.' Explain by giving reasons. (Answer in 150 words) 10

10. धर्मनिरपेक्षतावाद की भारतीय संकल्पना, धर्मनिरपेक्षतावाद के पाश्चात्य माडल से किन-किन बातों में भिन्न है ? चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

How the Indian concept of secularism is different from the western model of secularism ? Discuss. (Answer in 150 words) 10

11. श्री चैतन्य महाप्रभु के आगमन से भक्ति आंदोलन को एक असाधारण नई दिशा मिली थी। चर्चा करें। (उत्तर 250 शब्दों में दें)

The Bhakti movement received a remarkable re-orientation with the advent of Sri Chaitanya Mahaprabhu. Discuss. (Answer in 250 words) 15

12. चर्चा करें कि क्या हाल के समय में नये राज्यों का निर्माण, भारत की अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद है या नहीं है। (उत्तर 250 शब्दों में दें)

Discuss whether formation of new states in recent times is beneficial or not for the economy of India. (Answer in 250 words) 15

13. अंग्रेज़ किस कारण भारत से करारबद्ध श्रमिक अन्य उपनिवेशों में ले गए थे ? क्या वे वहां पर अपनी सांस्कृतिक पहचान को परिरक्षित रखने में सफ़ल रहे हैं ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

Why indentured labour was taken by the British from India to other colonies ? Have they been able to preserve their cultural identity over there ? (Answer in 250 words) 15

14. "भारत में अवक्षयी (डिप्लीटिंग) भौम जल संसाधनों का आदर्श समाधान जल संरक्षण प्रणाली है।" शहरी क्षेत्रों में इसको किस प्रकार प्रभावी बनाया जा सकता है ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

"The ideal solution of depleting ground water resources in India is water harvesting system." How can it be made effective in urban areas ? (Answer in 250 words) 15

https://sarkarirecruitment.com/

15. 'नीली क्रांति' को परिभाषित करते हुए भारत में मत्स्यपालन की समस्याओं और रणनीतियों को समझाइये । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

Defining blue revolution, explain the problems and strategies for pisciculture development in India. (Answer in 250 words) 15

16. भारत में औद्योगिक गलियारों का क्या महत्व है ? औद्योगिक गलियारों को चिन्हित करते हुए उनके प्रमुख अभिलक्षणों को समझाइये । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

What is the significance of Industrial Corridors in India ? Identifying industrial corridors, explain their main characteristics. (Answer in 250 words) 15

17. भारत में 'महत्त्वाकांक्षी जिलों के कायाकल्प' के लिए मूल रणनीतियों का उल्लेख कीजिए और इसकी सफलता के लिए, अभिसरण, सहयोग व प्रतिस्पर्धा की प्रकृति को स्पष्ट कीजिए । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

Mention core strategies for the transformation of aspirational districts in India and explain the nature of convergence, collaboration and competition for its success. (Answer in 250 words) 15

18. 'भारत में महिलाओं के आंदोलन ने, निम्नतर सामाजिक स्तर की महिलाओं के मुद्दों को संबोधित नहीं किया है ।' अपने विचार को प्रमाणित सिद्ध कीजिए । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

'Women's movement in India has not addressed the issues of women of lower social strata.' Substantiate your view. (Answer in 250 words) 15

19. 'आम तौर पर कहा जाता है कि वैश्वीकरण सांस्कृतिक समांगीकरण को बढ़ावा देता है, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय समाज में उसके कारण सांस्कृतिक विशिष्टताएं सुदृढ़ हो गई हैं ।' सुस्पष्ट कीजिये । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

'Globalization is generally said to promote cultural homogenization but due to this cultural specificities appear to be strengthened in the Indian Society.' Elucidate. (Answer in 250 words) 15

20. 'सांप्रदायिकता या तो शक्ति संघर्ष के कारण उभर कर आती है या आपेक्षिक वंचन के कारण उभरती है ।' उपयुक्त उदाहरणों को प्रस्तुत करते हुए तर्क दीजिए । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

'Communalism arises either due to power struggle or relative deprivation.' Argue by giving suitable illustrations. (Answer in 250 words) 15